कैमरे में कैद कॉन्स्टेबल की जांबाजी, मिली शाबाशी

सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज वायरल

■ विशेष संवाददाता, शाहबाद डेयरी

स्ट्रीट क्राइम के खिलाफ दिल्ली पुलिस के एक्शन की एक रियल स्टोरी और विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। कैसे एक जाबांज सिपाही ने बाइक सवार स्नैचर को न सिर्फ पटक दिया, बल्कि उसकी कमर की बेल्ट को कसकर पकड़े रहा ताकि भाग न सके। शाहबाद डेयरी थाना इलाके के इस विडियो से सुर्खियों में आए दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल सतेंद्र। इनकी बहादुरी पर आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी देवेश कुमार महला ने शाबाशी देते हुए पीठ थपथपाई। विडियो को देख पुलिस मुख्यालय में बैठे आला अफसरों ने भी प्रशंसा की। दिल्ली पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल से वह विडियो ट्वीट करते हुए सतेंद्र की तारीफ की। डिपार्टमेंट में सतेंद्र को ओटीपी (आउट ऑफ टर्न प्रमोशन) की मांग उठ रही है। इस बारे में जिला पुलिस अफसरों की तरफ से पुलिस मुख्यालय को प्रपोजल भेजे जाने की तैयारी है।

डीसीपी देवेश कुमार महला के मुताबिक, शाहबाद डेयरी पुलिस 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत स्नैचर्स के खिलाफ ड्राइव चला रही थी। कॉन्स्टेबल सतेंद्र पट्रोलिंग कर के संदिग्धों की तलाश में थे। इसी दौरान मुंह पर रूमाल बांधे बाइक सवार सामने से आता दिखा। सतेंद्र ने उसे रुकने को कहा, लेकिन वह कट मारते हुए साइड से निकलने लगा। तभी सतेंद्र अपनी बाइक को सड़क पर गिराकर उसकी ओर लपके। स्नैचर की बाइक भी गिर गई। उसने पैदल ही भागने की कोशिश की, लेकिन सतेंद्र उसके ऊपर झपट पड़े। उसकी बेल्ट पकड़कर नीचे गिरा लिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपी के कब्जे से 11 मोबाइल फोन, चार हैंडबैग और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी केएन काटजू मार्ग थाने का घोषित बदमाश है। वह करीब 3 महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। बाहर आते ही वारदात को अंजाम देने लगा था। वह 55 वारदात में शामिल रहा है। आरोपी की पहचान नीरव उर्फ नीरज उर्फ पाली उर्फ पोली के रूप में हुई है।



सिपाही ने बाइक सवार स्नैचर को पकड़कर पटका और काबू किया

प्रमोशन की मांग उठी

- आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी देवेश कुमार महला ने शाबाशी देते हुए पीठ थपथपाई
- दिल्ली पुलिस ने अपने ट्विटर हैंडल से यह विडियो ट्वीट करते हुए सतेंद्र की तारीफ की